01. महागठबंधन की सत्रह अप्रैल को पटना में होने वाली बैठक से पहले आज राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच नई दिल्ली में हुई अहम बैठक।

02. भाजपा ने किया दावा – विधानसभा चुनाव में एनडीए को महागठबंधन से कोई चुनौती नहीं है।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने देश की सभी निचली अदालतों को बाल तस्करी के मामलों की सुनवाई छह महीने में पूरी करने का निर्देश दिया।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, कैमूर और नवादा समेत राज्य के दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की चेतावनी जारी की।

---

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आज नई दिल्ली में कांग्रेस और राजद नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक हुयी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर आयोजित बैठक में राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार और पार्टी के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू समेत दोनों दलों के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। लगभग आधे घंटे तक चली बैठक के दौरान विधानसभा चुनाव में दोनों दलों के बीच सीटों के बंटवारे और मुख्यमंत्री के दावेदार समेत कई बिन्दुओं पर विचार–विमर्श किया गया। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि सत्रह अप्रैल को पटना में महागठबंधन की बैठक में सभी घटक दलों के साथ चर्चा कर आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

———बाइट———

बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा हुयी। गठबंधन के सभी घटक दल एकजुट हैं।

———बाइट———

बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने कहा कि सत्रह अप्रैल को पटना में होने वाली बैठक में सभी दलों के साथ मिलकर आम सहमति से रणनीति तय की जाएगी।

---बाइट---

इधर, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख पशुपति कुमार पारस ने कहा कि तेजस्वी प्रसाद यादव और मल्लिकार्जुन खरगे के बीच हुई बैठक एक अच्छी शुरुआत है। उन्होंने कहा कि गठबंधन के लोगों को एकजुटता के साथ आम लोगों के बीच जाना चाहिए।

---बाइट---

---

इस बीच, भाजपा ने कांग्रेस और राजद की बैठक पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए को महागठबंधन से कोई चुनौती नहीं है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि दोनों दलों का गठबंधन ही बेमेल है।

---बाइट---

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चौबीस अप्रैल को मधुबनी दौरे को लेकर तैयारियां तेज हो गयी हैं। इस सिलसिले में आज समस्तीपुर में एनडीए कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री की रैली ऐतिहासिक होगी।

---बाइट---

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास की नेता शांभवी ने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है।

---बाइट---

इधर, सुपौल में भी आज एनडीए के घटक दलों के कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, स्थानीय सांसद दिलेश्वर कामैत, पीएचईडी मंत्री नीरज कुमार सिंह बब्लू, पिपरा

के विधायक रामविलास कामत और निर्मली के विधाायक अनिरूद्ध प्रसाद यादव समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया है। हरियाणा के यमुना नगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस सत्ता में बने रहने के लिए संविधान की भावना को कुचलती रही है।

———बाइट———

कितने सालों तक चल रहे वक्फ के कानून में आनंद फानंद संशोधन कर दिया, ताकि चुनाव में वोट पा सके। ये कहते हैं कि उन्होंने ये मुसलमानों के हित में किया। मैं जरा ऐसे सभियों से पूछना चाहता हूं। अगर सच्चे अर्थ से आपेक दिल में मुसलमान के लिए थोड़ी भी हमदर्दी है तो कांग्रेस पार्टी अपने पार्टी के अध्यक्ष मुसलमान को बनाएं।

---

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में बिहार को देशभर में पहला स्थान मिला है। खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय के अपर सचिव मिनहाज आलम ने बताया कि राज्य में पिछले वित्तीय वर्ष में लक्ष्य से एक सौ तिरेपन प्रतिशत अधिक इकाईयों को स्वीकृति प्रदान की गयी।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने देश में बाल तस्करी से जुड़े अपराधों की रोकथाम और त्वरित सुनवाई के लिए आज कड़े दिशा–निर्देश जारी किए। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की पीठ ने देश के उच्च न्यायालयों को निर्देश दिया कि वे निचली अदालतों को निर्देश दें कि बाल तस्करी के मामलों की सुनवाई छह महीने में पूरी की जाए। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि न्याय में देरी को रोकने के लिए ऐसे मामलों की सुनवाई प्रतिदिन की जाए। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि निर्देशों को लागू करने में किसी भी तरह की ढिलाई को गंभीरता से लिया जाएगा और इसे अदालत की अवमानना माना जाएगा। एक महत्वपूर्ण निर्देश में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अगर अस्पताल से कोई नवजात बच्चा चोरी होता है तो सबसे पहले संबंधित अस्पताल का लाइसेंस रद्द किया जाना चाहिए। समाचार कक्ष से कामिनी ठाकुर।

---

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान राज्य के दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में

चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने और मेघ गर्जन तथा वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है।

–––बाइट–––

---

वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण कल से शुरू हो गए हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि तीर्थयात्री श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। एक रिपोर्ट...

–––रिपोर्ट–––

पंजीकरण देश भर में 540 से अधिक अधिकृत बैंक शाखाओं और पंचायत भवन, वैष्णवी धाम और महाजन हॉल जैसे निर्दिष्ट केंद्रों पर भी कराया जा सकता है। सभी तीर्थयात्रियों के लिए पंजीकरण अनिवार्य है और ऊंचाई वाले दुर्गम पथ के लिए स्वास्थ्य की पुष्टि करने के लिए अधिकृत चिकित्सा निकाय द्वारा जारी अनिवार्य स्वास्थ्य प्रमाणपत्र –सीएचसी की आवश्यकता होती है। प्रति दिन केवल लगभग 15 हजार यात्रियों को ही अनुमति दी जाएगी। प्रत्येक तीर्थयात्री के लिए पंजीकरण शुल्क 220 रुपये है। सभी तीर्थयात्रियों के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन या आरएफआईडी कार्ड अनिवार्य है। अमरनाथ यात्रा इस वर्ष तीन जुलाई को अनंतनाग जिले के पहलगाम ट्रैक और गंदेरबल जिले के बालटाल मार्ग से शुरू होगी। यह यात्रा नौ अगस्त को रक्षा बंधन के अवसर पर समाप्त होगी। जम्मू से गुलशन रैना की रिपोर्ट के साथ  समाचार कक्ष से अभिषेक कपिल।

---

निषादराज गुह्य जयंती पर आज पटना के दीघा घाट पर नाविक – गोताखोर प्रतियोगिता और भव्य नाव रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय राज्य मंत्री राज भूषण निषाद और बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि यह आयोजन सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल साबित होगा।

–––बाइट–––

---

मिथिला का लोक पर्व जुड़ शीतल आज पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। यह पर्व पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देता है। आज के दिन मिथिला में पेड़–पौधों में पानी देने और धुरखेल की परंपरा है। साथ ही बड़े बुजुर्ग अपने से छोटों को सिर पर पानी देकर आशीष देते हैं।

---

कला संस्कृति और युवा विभाग के मंत्री मोती प्रसाद ने आज पटना में बिहार आर्टिस्ट रजिस्ट्रेशन पोर्टल का लोकार्पण किया। इस अवसर पर श्री प्रसाद ने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से राज्य के कलाकार अपना निबंधन करा सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल राज्य के कलाकारों को एक मंच प्रदान करेगा और उन्हें राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिलेगा।

---

मधेपुरा जिले के चौसा थाना क्षेत्र के पचरासी में आज से पशुपालकों के देवता बाबा विशु राउत की समाधि स्थल पर चार दिवसीय राजकीय मेले की शुरूआत हुयी। मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. महागठबंधन की सत्रह अप्रैल को पटना में होने वाली बैठक से पहले आज राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच नई दिल्ली में हुई अहम बैठक।

02. भाजपा ने किया दावा – विधानसभा चुनाव में एनडीए को महागठबंधन से कोई चुनौती नहीं है।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने देश की सभी निचली अदालतों को बाल तस्करी के मामलों की सुनवाई छह महीने में पूरी करने का निर्देश दिया।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सीतामढ़ी, कैमूर और नवादा समेत राज्य के दक्षिण–पूर्वी हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।